दैनिक जागरण – २२.१२.२०२५

एसबीएसएसयू और एनआइटी जालंधर में शैक्षणिक सहयोग को लेकर समझौता

संवाद सहयोगी, जागरण • दीनानगर: सरदार बेअंत सिंह स्टेट यूनिवर्सिटी (एसबीएसएसयू), गुरदासपुर और डाक्टर बीआर आंबेडकर नेशनल इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी (एनआइटी), जालंधर ने शिक्षण, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग को सुदृढ़ करने के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। यह एमओयू सरदार बेअंत सिंह स्टेट यूनिवर्सिटी के कुलपति डा. एसके मिश्रा और एनआईटी जालंधर के निदेशक डा. विनोद कुमार कनौजिया द्वारा हस्ताक्षरित किया गया, जो दोनों संस्थाओं के बीच अंतर संस्थागत सहयोग को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

शैक्षणिक गठजोड़ स्थापित करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करते समय डा. एसके मिश्रा व डा. विनोद कुमार कनौजिया • सौ. यूनिवर्सिटी

हस्ताक्षर समारोह में डा. अरविंद कुमार, डीन कॉरपोरेट और सहयोगी संबंध, तथा डा. सर्वजीत सिंह सिद्धू, डीन अनुसंधान एवं परामर्श उपस्थित रहे। एनआइटी जालंधर की ओर से डा. रोहित मेहरा, डीन अनुसंधान, डा. रमन बेदी, डीन एकेडमिक, और डा. अजय बंसल, रजिस्ट्रार ने भाग लिया।

इस एमओयू के अंतर्गत, दोनों संस्थान संयुक्त शैक्षणिक कार्यक्रम, फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम, फैकल्टी एवं छात्र आदान-प्रदान, और अनुसंधान परियोजनाओं को बढ़ावा देंगे। इसका उद्देश्य नवाचार को प्रोत्साहित करना, अनुसंधान की गुणवत्ता और मात्रा में वृद्धि करना, और छात्रों एवं शिक्षकों को व्यापक शैक्षणिक अनुभव प्रदान करना है।

एक प्रमुख विशेषता यह है कि एनआइटी जालंधर, 7.5 से अधिक सीजीपीए वाले एसबीएसएसयू गुरदासपुर के छात्रों को एम टेक और पीएचडी कार्यक्रमों में प्रत्यक्ष प्रवेश की सुविधा प्रदान करेगा। यह पहल मेधावी छात्रों को उच्च अध्ययन और अनुसंधान के नए अवसर प्रदान करेगी।